# जाने वाले एक संदेशा मेरी माँ से कह देना भजन लिरिक्स

जाने वाले एक संदेशा,
मेरी माँ से कह देना,
एक दीवाना याद में रोए,
उसको दर्शन दे देना।bd।

तर्ज – क्या मिलिए ऐसे लोगो से।

---

जिसको मैया दर पे बुलाए,
किस्मत वाले होते है,
जो मैया से मिल नही पाते,
छुप छुप करके रोते है,
जितनी परीक्षा ली है मेरी,
और किसी की ना लेना,
एक दीवाना याद में रोए,
उसको दर्शन दे देना।bd।

---

तूने कौन सा काम किया है,
दर पे तुझको बुलाया है,
मैंने कौन सा पाप किया है,
दिल से मुझे भुलाया है,
एक बार मुझे दर पे बुलाले,
इतनी किरपा कर देना,
एक दीवाना याद में रोए,
उसको दर्शन दे देना।bd।

---

मुझको ये विश्वास है दिल में,
मेरा बुलावा आएगा,
मैया जी का दर्शन करके,
जीवन सफल हो जाएगा,
उससे जाकर इतना कहना,
मेरा भरोसा टूटे ना,
एक दीवाना याद में रोए,
उसको दर्शन दे देना।bd।

---

कैसी लगती है मेरी मैया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुझको जरा बताओ तो,
ममता मई मैया की महिमा,
मुझको जरा सुनाओ तो ,
'बनवारी' भक्तों की दुहाई,
मेरी तरफ से दे देना,
एक दीवाना याद में रोए,
उसको दर्शन दे देना।bd।

---

जाने वाले एक संदेशा,
मेरी माँ से कह देना,
एक दीवाना याद में रोए,
उसको दर्शन दे देना।bd।

Singer – Shrinivas Sharma

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com